**धार्मिक आयोजन** नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आए नजर, केक काटकर मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नगर में हुए धार्मिक आयोजन



**नवभारत, शहडोल।** कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देशन में जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में भाग लिया।

इसी क्रम में ग्राम कोटमा एवं ग्राम मेंकी के आंगनबाड़ी केंद्रों में जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा एवं परियोजना अधिकारी सोहागपुर आनंद अग्रवाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। वहीं कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर बच्चों ने केक काटकर खुशी मनाई। आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूप में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जन्माष्टमी को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला।

### बच्चों को मिली श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं की जानकारी

इस अवसर पर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को फल एवं मिठाई का वितरण भी किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को श्रीकृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों से संबंधित जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं धार्मिक त्योहारों के प्रति रुचि और समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जन्माष्टमी उत्सव के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर



नवभारत, शहडोल। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जयस्तंभ चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवा, माताएं-बहनें एवं धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर श्रद्धालुओं के उत्साह और उमंग से पूरा शहर कृष्णमय नजर आया। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी लीलाओं पर आधारित आकर्षक झाकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सजे-धजे रथों और झाकियों ने शोभायात्रा की भव्यता में चार चांद लगा दिए। जय श्रीकृष्ण', 'राधे-राधे' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया गया।

**युवाओं में दिखा उत्साह** -शोभायात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी केवल भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि उनके जीवन-दर्शन और शिक्षाओं को आत्मसात करने का अवसर भी है। भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा, सत्य के मार्ग पर चलने, अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और मानवता की सेवा का संदेश दिया है। भव्य शोभायात्रा ने शहर में भक्ति, आस्था, सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति की मनोहारी झलक प्रस्तुत की। श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता ने जन्माष्टमी के पर्व को उत्साह और उल्लास से भर दिया।

# डॉक्टर विहीन है जयसिंहनगर का पशु चिकित्सालय

**नवभारत, जयसिंहनगर।** जयसिंहनगर का पशु चिकित्सालय इन दिनों अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा में है। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में नियमित रूप से चिकित्सक एवं जिम्मेदार कर्मचारियों की उपलब्धता नहीं होने से पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण कई पशुओं की हालत बिगड़ने तथा कुछ के मरने तक की शिकायतें सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पशु चिकित्सालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर प्रभावी निगरानी नहीं होने के कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आरोप है कि कुछ वेटरनरी फील्ड ऑफिसर छोटे-छोटे पशु चिकित्सा केंद्रों में पदस्थ होने के बावजूद नियमित रूप से ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते। ग्रामीणों के मुताबिक बायोमेट्रिक अथवा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के बाद कर्मचारियों के कार्यालय से अनुपस्थित रहने की शिकायत भी सामने आती रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।




### पशुपालकों को निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ रहा महंगा

पशुपालकों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में पशुओं के बीमार होने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मिलना बेहद जरूरी है। चिकित्सक अथवा संबंधित कर्मचारी उपलब्ध नहीं होने पर पशुपालकों को निजी स्तर पर महंगा उपचार कराना पड़ता है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह बड़ी समस्या बन जाती है।

### जनविश्वास अभियान पर भी सवाल

एक ओर मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनविश्वास एवं जनसमस्या निवारण जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के महत्वपूर्ण विभागों में कर्मचारियों की कथित अनुपस्थिति शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकारी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों की नियमित मौजूदगी सुनिश्चित नहीं होगी तो शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी अभियानों का वास्तविक लाभ आम लोगों तक पहुंचना मुश्किल होगा।

### समय पर उपचार दिलाने की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जयसिंहनगर पशु चिकित्सालय की व्यवस्थाओं की जांच कराने, चिकित्सक एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि शिकायतों और आरोपों के बाद विभागीय अधिकारी मौके की वास्तविक स्थिति की जांच कर जिम्मेदारी तय करते हैं या पशु चिकित्सालय की बदहाल व्यवस्था इसी तरह बनी रहती है।

## एक नजर में

### जैतपुर विधायक पर विकास को लेकर उठे सवाल

**नवभारत, धनपुरी।** जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के कार्यकाल को लेकर क्षेत्र में विकास और जनसमस्याओं के निराकरण पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से विधायक का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है। क्षेत्र में कई औद्योगिक संस्थान संचालित हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए ठोस पहल नहीं किए जाने की शिकायत सामने आती रही है। रोजगार के अवसरों की कमी से युवाओं में नाराजगी बढ़ने की बात कही जा रही है। वहीं, बुढ़ार तहसील में एसडीएम कोर्ट की स्थापना को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था, लेकिन बाद में इसके शहडोल वापस चले जाने से लोगों में निराशा और आक्रोश है। एसडीएम कोर्ट का बुढ़ार से शहडोल स्थानांतरण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। अब चर्चा है कि लगातार समस्याओं से जूझ रही जनता आगामी विधानसभा चुनाव में बदलाव का मन बना सकती है।

### तीन चोर गिरफ्तार

**नवभारत, शहडोल।** कोतवाली थाना अंतर्गत सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों का माल पार करने वाले शातिर चोरों को पुलिस ने 24 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की संख्या तीन बताई जा रही है जिनसे चोरी के अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है। गुरूवार को फरियादी नवीन मोर निवासी जैन कॉलोनी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपियों द्वारा घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए हैं। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों आदर्श यादव उर्फ आदि, शशिकांत गौतम उर्फ लकी, आशीष साहू उर्फ कलर को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया गया।

# पैलवाह में बढ़ा बंदरों का आतंक, ग्रामीण परेशान

> सब्जी और मक्का की फसल हो रही बर्बाद, ग्रामीणों ने शासन से बंदरों को अन्यत्र भेजने की मांग की



**नवभात, पैलवाह।** ग्राम पैलवाह में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में बंदरों के झुंड गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की सब्जी एवं मक्का सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थिति यह है कि ग्रामीणों के खेतों और घरों के आसपास लगी फसलें बंदरों से सुरक्षित नहीं बच पा रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों के लगातार बढ़ते आतंक के कारण वे ठीक से सब्जी तक नहीं उगा पा रहे हैं। मक्का की फसल को भी बंदरों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार बंदरों के झुंड घरों के आसपास भी पहुंच जाते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है।ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बंदरों की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें किसी सुरक्षित अन्य स्थान पर भेजने की व्यवस्था की जाए, ताकि ग्रामीण अपनी खेती-बाड़ी सुरक्षित तरीके से कर सकें।

# जर्जर सड़कों के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च आज

> सड़क निर्माण में देरी के खिलाफ होगा जनआंदोलन



**नवभारत, शहडोल।** शहर की जर्जर और बदहाल सड़कों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी आज शनिवार को जनआंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे नए बस स्टैंड से इंदिरा चौक तक पैदल मार्च निकाला जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिक, व्यापारी और स्थानीय रहवासी भी मार्च में शामिल होंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी ने आरोप लगाया कि नए बस स्टैंड से इंदिरा चौक तक सड़क को खोद दिए जाने के बावजूद लंबे समय से निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय रहवासियों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। धूल, कीचड़, गड्ढों और अव्यवस्थित यातायात के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है।

### आवागमन हुआ प्रभावित

श्री अवस्थी ने कहा कि सड़क की दुर्दशा का असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। आवागमन प्रभावित होने के कारण दुकानों तक ग्राहकों की आवाजाही कम हुई है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहर की प्रमुख सड़क की लंबे समय से बनी ऐसी स्थिति शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेसजनों के साथ प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारियों, स्थानीय रहवासियों और आम नागरिकों से अधिक से शामिल होकर जनआंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

**इनका कहना है**



सड़क की दुर्दशा का असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। आवागमन प्रभावित होने के कारण दुकानों तक ग्राहकों की आवाजाही कम हुई है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**अजय अवस्थी, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस**

# भोपाल के जंबूरी मैदान में जुटेंगे 11 लाख गौभक्त

> गौ माता के सम्मान व संरक्षण के लिए एकजुट होने का आह्वान, शहडोल में रानी सती मंदिर में हुई बैठक



**नवभारत, शहडोल।** गौ माता के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर देशभर में चल रहे गौ सम्मान महाआह्वान को लेकर शहडोल में बैठक आयोजित की गई। अयोध्या धाम से पधारे श्री श्री सनातन महाराज ने रानी सती मंदिर में आयोजित बैठक के दौरान समाज के लोगों से संगठित होकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि गौ माता के सम्मान और संरक्षण के लिए अब जन-जन को एकजुट होने का समय है। गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने की मांग को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आगामी 17 दिसंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में 11 लाख गौभक्तों के विराट जनसमागम का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि इस महाआह्वान को गांव-गांव, शहर-शहर और प्रत्येक परिवार तक पहुंचाया जाए। अधिक से अधिक गौभक्तों को भोपाल पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाए तथा अपनी आस्था को सहभागिता में परिवर्तित करते हुए 17 दिसंबर को जंबूरी मैदान में उपस्थिति दर्ज कराई जाए।

### जंबूरी मैदान में महाआयोजन

आयोजकों ने कहा कि यह महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गौ माता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के लिए जन-जागरण का व्यापक अभियान है। 17 दिसंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में होने वाला महाआयोजन इस अभियान को व्यापक जनसमर्थन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।.

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

> 8 सितंबर तक प्रतिदिन शाम 5 से रात 9 बजे तक कथा एवं सत्संग



**नवभारत, शहडोल।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में उत्तर भारतीय संघ, रेल परिवार, शहडोल की ओर से रेलवे कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन में कथा व्यास श्री गौरांग कृष्ण जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा कथा का रसपान कराया जा रहा है।

कथा में राघव कृष्ण शास्त्री महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। आयोजकों के अनुसार कथा एवं सत्संग का आयोजन प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक किया जा रहा है। श्रद्धालु सपरिवार कथा स्थल पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, उनके जीवन-दर्शन और धर्म-संदेशों का श्रवण कर रहे हैं। कार्यक्रम के तहत 5 सितंबर को बाल लीलाएं एवं गोवर्धन पूजा, 6 सितंबर को कंसवध एवं रुक्मिणी विवाह, 7 सितंबर को सुदामा चरित्र एवं कथा विश्राम तथा 8 सितंबर को हवन, भंडारा एवं मूर्ति विसर्जन का आयोजन किया जाएगा। 8 सितंबर को दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन रखा गया है।

# बिना सूचना 8 सुरक्षा प्रहरियों को काम से निकाला, भुगतान लंबित

**नवभारत, शहडोल।** शारदा ओसीएम, एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में कार्यरत आठ सुरक्षा प्रहरियों ने बिना पूर्व सूचना और कारण बताए ड्यूटी बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए उपक्षेत्रीय प्रबंधन से शिकायत की है। सुरक्षा प्रहरियों ने मामले की जांच कर उन्हें पुनः ड्यूटी पर लिए जाने की मांग की है।

शिकायत के अनुसार आर.के. अर्थ रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से मेसर्स साईं कंपनी सर्विस को शारदा ओसीएम क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। इसी के तहत कार्यरत राजू वर्मन, धन्नू प्रजापति, दीपचंद केवट, सलमान अब्दुल्ला, अली अहमद, समर्थ सेन, अभय हेला और दीपक कुशवाहा की ड्यूटी 22 अगस्त से अचानक बंद कर दी गई।

### अब तक नहीं हुआ भुगतान

सुरक्षा प्रहरियों का आरोप है कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सूचना या कारण नहीं बताया गया, बल्कि सुपरवाइजर को व्हाट्सऐप संदेश के माध्यम से ड्यूटी बंद करने की जानकारी दी गई। उनका यह भी कहना है कि जुलाई माह का भुगतान अब तक लंबित है, जबकि धन्नू प्रजापति का मई माह का भुगतान भी नहीं किया गया है।

### सुरक्षाकर्मियों ने उठाए सवाल

शिकायत में सुपरवाइजर चंद्रप्रकाश सोनी के कथित बयान का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि कंपनी द्वारा केवल 12 सुरक्षा प्रहरियों को रखने की बात कही गई है। शिकायतकर्ताओं ने ड्यूटी से हटाने की प्रक्रिया और कर्मचारियों के चयन को लेकर भी सवाल उठाए हैं। सुरक्षा प्रहरियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर ड्यूटी से हटाने के वास्तविक कारणों की जानकारी देने, लंबित भुगतान दिलाने तथा पात्र कर्मचारियों को पुनः ड्यूटी पर रखने की मांग की है। साथ ही शिकायत में लगाए गए अन्य आरोपों की भी जांच कराने का अनुरोध किया गया है।

# नशे के कारोबार पर धनपुरी पुलिस का शिकंजा



**नवभारत, धनपुरी।** जिले में मादक पदार्थों एवं नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत धनपुरी पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 31 नग नशीली कफ सिरप, एक कीपैड मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 6,723 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, शहडोल पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत थाना प्रभारी धनपुरी निरीक्षक विनय सिंह गहरवार द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इंडोर स्टेडियम के पीछे एक व्यक्ति नशीली दवाइयों के साथ मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर मोह. जाहिद को पकड़ा।

### 31 नशीली कफ सिरप की बोतलें बरामद

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 31 नग कफ सिरप बरामद की गई। पुलिस ने नशीली दवाइयों की अनुमानित कीमत करीब 5,223 रुपये बताई है। इसके अलावा आरोपी के पास से करीब 1,000 रुपये कीमत का एक कीपैड मोबाइल फोन तथा 500 रुपये नगद भी बरामद किए गए। इस प्रकार पुलिस द्वारा कुल 6,723 रुपये कीमत की मशरूका जब्त की गई।

**शिफ्टिंग** विद्युत पोल की शिफ्टिंग शुरू, दुकानों के सामने से हटाया जा रहा मलबा

# इंदिरा चौक-न्यू बस स्टैंड मार्ग के निर्माण में आई तेजी



## मॉडल रोड बनी मुसीबत, बारिश में खुदाई से लोग परेशान

नवभारत, शहडोल। विकास कार्य यदि बिना समुचित कार्ययोजना और व्यवस्थाओं के शुरू किए जाएं तो सुविधा के बजाय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाते हैं। इंदिरा चौक से न्यू बस स्टैंड जाने वाली मॉडल रोड पर इन दिनों कुछ ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। नगर पालिका प्रशासन और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर स्थानीय रहवासियों एवं व्यापारियों में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद बारिश के बीच सड़क निर्माण का काम शुरू कर दिया गया। सड़क के दोनों ओर करीब दो-दो फीट गहरी खुदाई किए जाने से लगातार बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी तक न तो बिजली के खंभों को व्यवस्थित ... और न ... नालियों ... से ... के ढेर ... करने के ... बोर्ड लगा दिए गए हैं, लेकिन लोगों का आरोप है कि सुगम वैकल्पिक मार्ग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई। इससे रहवासियों को अपने घरों से निकलने में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल ले जाना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**कारोबार पर भी पड़ा असर**

सड़क निर्माण से व्यापारियों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद वे अपने कारोबार को दोबारा व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सड़क की खुदाई और आवाजाही बाधित होने से ग्राहकों का पहुंचना मुश्किल हो गया है। इससे कारोबार प्रभावित होने के साथ परिवार के भरण-पोषण को लेकर भी चिंता बढ़ गई है।

**कार्ययोजना पर उठ रहे सवाल**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मानसून के दौरान बिना पर्याप्त जल निकासी और यातायात व्यवस्था किए सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया। रहवासियों और व्यापारियों ने निर्माण कार्य में तेजी लाने, तत्काल सुगम वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने तथा जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।





**नवभारत, शहडोल।** सड़क निर्माण में देरी से जुड़ी समस्या को नवभारत ने लगातार प्रमुखता से उठाया था। जिस पर संज्ञान लेते हुएअपनी दूसरी पारी के लिए वापस आईं नगर पालिका सीएमओ आशा भंडारी द्वारा निरीक्षण और निर्माण कार्य में तेजी लाने की कार्रवाई शुरू किए जाने से शहरवासियों को अब सड़क जल्द तैयार होने की उम्मीद है।

शहर के प्रमुख इंदिरा चौक से न्यू बस स्टैंड मार्ग एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के निर्माण कार्य में अब तेजी दिखाई देने लगी है। लंबे समय से सड़क निर्माण की धीमी गति के कारण परेशान आम नागरिकों और व्यापारियों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। खास बात यह है कि नवभारत ने सड़क निर्माण में हो रही देरी और बदहाल स्थिति को प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन-प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया था।

### खबर प्रकाशित होने के बाद निरीक्षण

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी ने 3 सितंबर को निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य अपेक्षाकृत धीमी गति से चलता मिला। इस पर सीएमओ ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने तथा सड़क निर्माण को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

### विद्युत पोलों की शिफ्टिंग कार्य को प्राथमिकता

निरीक्षण के दौरान मार्ग में बाधा बन रहे विद्युत पोलों की शिफ्टिंग का कार्य प्राथमिकता से कराने को कहा गया। साथ ही दुकानों के सामने लंबे समय से पड़े निर्माण सामग्री और मलबे को हटाने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए थे। सीएमओ के निर्देश के बाद शुक्रवार से मार्ग पर विद्युत पोल लगाने एवं शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं दुकानों के सामने पड़े मलबे और निर्माण सामग्री को हटाने की कार्रवाई भी जारी है। बाधाएं दूर होने के बाद अब सड़क निर्माण कार्य में गति आने की संभावना है।

### राहगीरों को मिलेगी राहत

सड़क निर्माण पूरा होने से न केवल मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को राहत मिलेगी, बल्कि लंबे समय से प्रभावित स्थानीय व्यापारियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। मार्ग की बदहाल स्थिति के कारण धूल, गड्ढों और अव्यवस्थित आवागमन से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी ने संबंधित उपयंत्री, ठेकेदार एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कार्य की लगातार निगरानी करने और निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं।

# संभाग स्तरीय बैडमिंटन चयन प्रतियोगिता आयोजित

> राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शहडोल संभाग के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन



**नवभारत, शहडोल।** शिक्षा विभाग शहडोल द्वारा संभाग स्तरीय बैडमिंटन चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिले के 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर आगामी राज्य स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर शहडोल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सागर में

70वीं शालेय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की प्रतियोगिता 16 सितंबर से 20 सितंबर 2026 तक सागर में आयोजित होगी। 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 01 दिसंबर से 04 दिसंबर तक नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन शालेय राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं खेल पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।